**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**11.03.2026 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3103 का उत्तर**

**अमृत भारत (पुश-पुल) रेलगाड़ियां**

**3103. श्री अतुल गर्ग:**
**डॉ. दग्गुबाती पुरंदेश्वरी:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) जनवरी 2026 तक उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के रेल स्टेशनों से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे प्रमुख औद्योगिक केंद्रों के लिए शुरू की गई अमृत भारत (पुश-पुल) रेलगाड़ियों की कुल संख्या कितनी है;**

**(ख) व्यस्त प्रवास के मौसम के दौरान इन रेलगाड़ियों के अनारक्षित और शयनयान श्रेणी के डिब्बों में अधिभोग दर संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ग) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश में और विशेषकर गाजियाबाद और सीमांचल क्षेत्रों में तथा आंध्र प्रदेश और विशेषकर राजमुंद्री से सामान्य श्रेणी की यात्रा के लिए मांग-आपूर्ति के अंतर का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(घ) उत्तर प्रदेश से शुरू होने वाली लंबी दूरी की रेलगाड़ियों के सामान्य डिब्बों में भीड़भाड़ को रोकने और पेयजल और स्वच्छता की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

**(ङ) उक्त राज्यों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिक गैर-एसी अमृत भारत सेवाओं को शुरू करने की समय-सीमा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ङ): चूंकि रेल नेटवर्क राज्य की सीमाओं में फैला होता है, इसलिए नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार ऐसी सीमाओं पर रेलगाड़ियां शुरू की जाती हैं।**

**निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों को किफायती यातायात साधन उपलब्ध कराने हेतु भारतीय रेल ने अमृत भारत सेवाएँ प्रारम्भ की हैं, जो पूर्णतः अवातानुकूलित आधुनिक रेलगाड़ियां हैं। वर्तमान में, अमृत भारत में 11 सामान्य श्रेणी के सवारी डिब्बें, 8 शयनयान श्रेणी के सवारी डिब्बें, 1 रसोई-यान और 2 द्वितीय श्रेणी सामान सह दिव्यांगजन सवारी डिब्बे शामिल हैं।**

**उच्च गति और उन्नत संरक्षा मानक इन गाड़ियों की विशिष्टताएं हैं, जिनमें निम्नलिखित उन्नत सुविधाएँ और विशेषताएं शामिल हैं:**

i. **वंदे भारत स्लीपर के समान उन्नत रूप और अनुभूति वाली सीट और बर्थों की बेहतर साज-सज्जा।**
ii. **झटका मुक्त सेमी-ऑटोमेटिक कपलर्स।**
iii. **क्रैश ट्यूब के प्रावधान से सवारी डिब्बों में बेहतर क्रैशवर्दीनैस।**
iv. **सभी सवारी डिब्बों और सामान कक्ष में सीसीटीवी प्रणाली का प्रावधान।**
v. **शौचालयों का बेहतर डिज़ाइन।**
vi. **बर्थ पर आसानी से चढ़ने के लिए सीढ़ी का बेहतर डिज़ाइन।**
vii. **बेहतर एलईडी लाइट फिटिंग और चार्जिंग सॉकेट।**
viii. **ईपी सहायता प्राप्त ब्रेकिंग प्रणाली का प्रावधान।**
ix. **शौचालयों और इलेक्ट्रिकल क्यूबिकल्स में एरोसोल आधारित अग्नि शमन प्रणाली।**
x. **यूएसबी टाइप-ए और टाइप-सी मोबाइल चार्जिंग सॉकेट।**
xi. **यात्री और गार्ड/रेलगाड़ी प्रबंधक के बीच पारस्परिक संप्रेषण के लिए आपातकालीन टॉक-बैक प्रणाली।**
xii. **उन्नत तापन क्षमता वाली गैर-वातानुकूलित रसोई-यान।**
xiii. **आसानी से जोड़ने और अलग करने के लिए त्वरित मोचन प्रणाली वाले पूर्ण रूप से सीलबंद गैंगवे।**

**05.03.2026 तक की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर निम्नलिखित 54 अमृत भारत एक्सप्रेस गाड़ी सेवाएं परिचालित की जा रही हैं:**

| क्र.सं. | गाड़ी संख्या और नाम |
|---|---|
| 1 | 11015/11016 लोकमान्य तिलक (टर्मिनल) - सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 2 | 13697/13698 गया - दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 3 | 15293/15294 मुजफ्फरपुर - चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 4 | 15557/15558 दरभंगा - आनंद विहार (टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 5 | 15561/15562 दरभंगा - गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 6 | 15567/15568 बापुधाम मोतिहारी - आनंद विहार (टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 7 | 22361/22362 राजेंद्रनगर (टर्मिनल) - नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 8 | 13433/13434 एसएमवीटी बेंगलुरु - मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 9 | 13435/13436 मालदा टाउन - गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 10 | 15133/15134 छपरा - आनंद विहार (टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 11 | 14047/14048 सीतामढ़ी - दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 12 | 14627/14628 सहरसा - छैहरटा अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 13 | 19623/19624 मदार - दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 14 | 16601/16602 ईरोड - जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 15 | 19021/19022 उधना - ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 16 | 15671/15672 कामाख्या - रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 17 | 20609/20610 न्यू जलपाईगुड़ी - तिरुच्चिराप्पल्लि अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 18 | 16597/16598 एसएमवीटी बेंगलुरु - अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 19 | 11031/11032 पनवेल - अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 20 | 16107/16108 ताम्बरम - सांतरागाछि अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 21 | 13065/13066 हावड़ा - आनंद विहार (टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 22 | 22587/22588 सियालदह - बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 23 | 20603/20604 न्यू जलपाईगुड़ी - नागरकोविल अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 24 | 15949/15950 डिब्रूगढ़ - गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 25 | 16121/16122 ताम्बरम - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 26 | 16329/16330 नागरकोविल - मंगलूरू अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 27 | 17041/17042 चर्लपल्ली - तिरुवनंतपुरम नॉर्थ अमृत भारत एक्सप्रेस |

**निम्नलिखित अमृत भारत गाड़ियां उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित स्टेशनों को सेवित कर रही हैं:**

| क्र.सं. | गाड़ी संख्या और नाम |
|---|---|
| 1 | 15557/15558 दरभंगा-आनंद विहार (टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 2 | 11015/11016 लोकमान्य तिलक (टर्मिनल)-सहरसा जंक्शन अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 3 | 15561/15562 दरभंगा-गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 4 | 15567/15568 बापुधाम मोतिहारी-आनंद विहार (टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 5 | 22361/22362 राजेंद्र नगर (टर्मिनल)-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 6 | 13435/13436 मालदा टाउन-गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 7 | 14047/14048 सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 8 | 13697/13698 गया-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 9 | 14627/14628 सहरसा- छैहरटा अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 10 | 16601/16602 ईरोड-जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 11 | 15293/15294 मुजफ्फरपुर- चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 12 | 15133/15134 छपरा-आनंद विहार (टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 13 | 19623/19624 मदार-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 14 | 11031/11032 पनवेल-अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 15 | 15671/15672 कामाख्या-रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 16 | 15949/15950 डिब्रूगढ़-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 17 | 22587/22588 सियालदह-बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 18 | 13065/13066 हावड़ा- आनंद विहार (टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस |

निम्नलिखित अमृत भारत गाड़ियां आंध्र प्रदेश राज्य में स्थित स्टेशनों को सेवित कर रही हैं:

| क्र.सं. | गाड़ी संख्या और नाम |
|---|---|
| 1 | 13433/13435 एसएमवीटी बेंगलुरु-मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 2 | 16601/16602 ईरोड-जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 3 | 19021/19022 उधना-ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 4 | 16107/16108 ताम्बरम- सांतरागाछि अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 5 | 20603/20604 न्यू जलपाईगुड़ी-नागरकोविल अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 6 | 20609/20610 न्यू जलपाईगुड़ी-तिरुच्चिराप्पल्लि अमृत भारत एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 7 | 16597/16598 एसएमवीटी बेंगलुरु-अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 8 | 17041/17042 हैदराबाद-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ अमृत भारत एक्सप्रेस |

इसके अलावा, वंदे भारत स्लीपर सेवाओं सहित, नई रेलगाड़ी सेवाएं शुरू करना सतत् प्रक्रिया है जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें शामिल हैं:

- संबंधित खंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- आवश्यक चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता
- खंड की अधिभोगिता और यातायात आवश्यकता।

अधिभोगिता:

भारतीय रेल में गाड़ियों का अधिभोगिता पैटर्न पूरे वर्ष एक समान नहीं रहता और यह कम व्यस्त तथा अधिकतम भीड़भाड़ की अवधियों में भिन्न होता है। अधिकतम भीड़भाड़ की अवधि के दौरान, विशेषकर लोकप्रिय मार्गों पर, गाड़ियों की अधिभोगिता पूरी रहती है, जबकि कम व्यस्त अवधि और कम लोकप्रिय मार्गों पर अधिभोगिता इष्टतम से कम रहती है। बहरहाल, अवधि 2025-26 (26 जनवरी तक) के दौरान, नियमित वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की कुल अधिभोगिता लगभग 100% है।

सामान्य सवारी डिब्बा

अनारक्षित सवारी डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से, रेलवे ने साधारण श्रेणी के यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए सुविधाओं में काफी बढ़ोतरी की है। केवल वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ही, लंबी दूरी की विभिन्न गाड़ियों में 1250 साधारण सवारी डिब्बों का उपयोग किया गया। चालू वित्त वर्ष (फरवरी, 2026 तक) में, 860 सवारी डिब्बों का स्थायी संवर्धन हेतु उपयोग किया गया है।

कम और मध्यम आय वर्ग वाले परिवारों की यात्रा संबंधी मांग को पूरा करने के लिए, भारतीय रेल ने 17,000 अवातानुकूलित सवारी डिब्बों (साधारण/शयनयान) का विनिर्माण शुरू कर दिया है।

भारतीय रेल विभिन्न प्रकार के सवारी डिब्बों को उपलब्ध कराकर समाज के सभी वर्गों की यात्रा संबंधी जरूरतों को पूरा करने का लगातार प्रयास करती है, जिसमें गैर-वातानुकूलित और वातानुकूलित दोनों प्रकार के सवारी डिब्बे शामिल हैं।

भारतीय रेल पर, गैर-वातानुकूलित सवारी डिब्बों का प्रतिशत लगभग 70% है, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

तालिका 1: सवारी डिब्बों का वितरण:

| | | |
|---|---|---|
| गैर-वातानुकूलित सवारी डिब्बे (सामान्य और शयनयान) | लगभग 62,000 | लगभग 70% |
| वातानुकूलित सवारी डिब्बे | लगभग 27,000 | लगभग 30% |
| कुल सवारी डिब्बे | लगभग 89,000 | लगभग 100% |

सामान्य सवारी डिब्बों की अधिक उपलब्धता के कारण, सामान्य/अनारक्षित डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि देखी गई है जैसा नीचे दर्शाया गया है:

तालिका 2: सामान्य/अनारक्षित सवारी डिब्बों में यात्री:

| वर्ष | यात्रियों की संख्या |
|---|---|
| 2020-21 | 99 करोड़ (कोविड वर्ष) |
| 2021-22 | 275 करोड़ (कोविड वर्ष) |
| 2022-23 | 553 करोड़ |
| 2023-24 | 609 करोड़ |
| 2024-25 | 651 करोड़ |

गैर-वातानुकूलित यात्रियों के लिए उपलब्ध सीटों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। वर्तमान संरचना इस प्रकार है:

तालिका 3: सीटों का वितरण:

| | | |
|---|---|---|
| गैर-वातानुकूलित सीटें | लगभग 54 लाख | लगभग 78% |
| वातानुकूलित सीटें | लगभग 15 लाख | लगभग 22% |
| कुल | लगभग 69 लाख | लगभग 100% |

इसके अलावा, अनारक्षित स्थान का लाभ उठाने के इच्छुक यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए, भारतीय रेल किफायती यात्रा के लिए अनारक्षित गैर-वातानुकूलित यात्री गाड़ियां/एमईएमयू/ईएमयू आदि को परिचालित करता है, जो मेल/एक्सप्रेस सेवाओं में उपलब्ध अनारक्षित स्थान (सवारी डिब्बों) के अतिरिक्त हैं।

स्पेशल गाड़ियां:

भारतीय रेल त्योहारों, छुट्टियों आदि के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त जरूरतों को पूरा करने और नियमित सेवाओं द्वारा उपलब्ध स्थान के अतिरिक्त स्थान उपलब्ध कराने के लिए स्पेशल गाड़ी सेवाएं भी परिचालित करता है।

तदनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क में स्पेशल गाड़ियों की संख्या गर्मियों/सर्दियों की छुट्टियों, होली, दुर्गा पूजा, दिवाली, छठ, क्रिसमस, सबरीमाला, ईद-उल-फितर आदि जैसे त्योहारों के दौरान यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए परिचालित की गई है जो निम्नानुसार है:

| वर्ष | फेरो की संख्या |
|---|---|
| 2023-24 | लगभग 40,500 |
| 2024-25 | लगभग 85,400 |
| 2025-26 (जनवरी, 2026 तक) | लगभग 70,300 |

सामान्य और गैर-वातानुकूलित शयनयान सवारी डिब्बों का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए अधिक स्थान प्रदान करने के लिए, मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों की संरचना के संबंध में मौजूदा नीति में 22 सवारी डिब्बों वाली गाड़ी में 12 (बारह) सामान्य श्रेणी और शयनयान श्रेणी के गैर-वातानुकूलित सवारी डिब्बे और 08 (आठ) वातानुकूलित सवारी डिब्बे शामिल हैं, जिससे सामान्य और गैर-वातानुकूलित शयनयान सवारी डिब्बों का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए अधिक स्थान उपलब्ध कराया जा रहा है।

**सवारी डिब्बों का रखरखाव:**

इसके अलावा, रखरखाव मानक बनाए रखने और सवारी डिब्बों की स्वच्छता सुनिश्चित करने और बेहतर बनाने के लिए नियमित कार्रवाई की जाती है, जो निम्नानुसार हैं:

- निर्धारित विस्तृत दिशानिर्देशों और मानकों के अनुसार कोचिंग डिपुओं/टर्मिनलों में सवारी डिब्बों का रखरखाव किया जाता है।
- सवारी डिब्बों के आंतरिक, बाहरी और शौचालयों सहित बेहतर साफ-सफाई के लिए रखरखाव के दौरान सवारी डिब्बों में मशीनीकृत सफाई सुनिश्चित की जा रही है।
- चलती रेलगाड़ियों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग कर्मचारी सेवा मुहैया कराई जा रही है और मार्ग में सफाई पर ध्यान देने के लिए क्लीन ट्रेन स्टेशन सेवाओं की भी व्यवस्था मुहैया कराई जा रही है।
- क्षेत्रीय रेलों में मंडलों/डिपो और कारखानों आदि में नामित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के माध्यम से नियमित निगरानी की जा रही है।
- यात्रियों की संरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों को नियमित प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

**सामान्य सवारी डिब्बों में स्वच्छता:**

स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है और भारतीय रेल गाड़ियों को अच्छी तरह से बनाए रखने और साफ रखने के लिए निरंतर प्रयास करती है। सवारी डिब्बों सहित सामान्य सवारी डिब्बों की सफाई दोनों छोरों पर मशीनीकृत सफाई की जाती है। शौचालयों की बार-बार सफाई की जाती है और रेलगाड़ी चलने के दौरान स्वच्छता से संबंधित मुद्दों का समाधान करने के लिए एक बेहतर रूप से स्थापित निवारण तंत्र है। चिह्नित गाड़ियों में सीमित यंत्रीकृत सफाई का ध्यान रखने के लिए क्लीन ट्रेन स्टेशन (सीटीएस) की व्यवस्था की गई है। सभी गाड़ियों में बायो-शौचालय लगाए गए हैं जो गाड़ियों में और पटरियों/स्टेशन पर स्वच्छता बनाए रखने में सहायक हैं।

*****